# राजस्थान स्टेट माईन्स एण्ड मिनरल्स लिमिटेड

(राजस्थान सरकार का उपक्रम)
एसबीयू एवं पीसी – लिग्नाईट
खनिज भवन, तिलक मार्ग, सी–स्कीम, जयपुर–302005
फोन नं. : 0141-2227938, 2227947 फैक्स नं. : 0141-2227360, 2227761
ई–मेल: rsmmljpr@bsnl.in, jaipur.rsmml@rajasthan.gov.in, Web: www.rsmm.com
रजिस्टर्ड ऑफिस : C-89-90, जनपथ, लाल कोठी स्कीम, जयपुर
CIN No. U14109RJ1949SGC000505, GSTIN: 08AAACR7857H1Z0

निविदा संख्याः RSMML/CEU-LIG/SLP/2025-26/11 दिनांकः 09.07.2025

## सोनड़ी लिग्नाईट परियोजना पर अधिकारीयों एवं कर्मचारीयों के लिए चाय, नाश्ता एवं खाना बनाने एवं बर्तनों को साफ करनें हेतु

निविदा खुलने की तिथि 25.07.2025 को अपरान्ह 03.30 बजे
स्थान : खनिज भवन, तिलक मार्ग, सी–स्कीम, जयपुर

निविदा प्रपत्र (अहस्तान्तरणीय) का मूल्य :– रूपये 590/–
(अक्षरे रूपये पांच सौ नब्बे मात्र) GST सहित ।

रजिस्टर्ड कार्यालय : आर.एस.एम.एम. लिमिटेड, सी–89–90, जनपथ, लालकोठी स्कीम, जयपुर – 302015 (राजस्थान)

राजस्थान स्टेट माईन्स एण्ड मिनरल्स लिमिटेड
(राजस्थान सरकार का उपक्रम)
एसबीयू एवं पीसी – लिग्नाईट
खनिज भवन, तिलक मार्ग, सी–स्कीम, जयपुर–302005
फोन नं. : 0141-2227938, 2227947 फैक्स नं. : 0141-2227360, 2227761
ई–मेल: rsmmljpr@bsnl.in, jaipur.rsmml@rajasthan.gov.in, Web: www.rsmm.com
रजिस्टर्ड ऑफिस : C-89-90, जनपथ, लाल कोठी स्कीम, जयपुर
CIN No. U14109RJ1949SGC000505, GSTIN: 08AAACR7857H1Z0

निविदा संख्या : RSMML/CEU-LIG/SLP/2025-26/11 दिनांकः 09.07.2025

# निविदा सूचना

कम्पनी की कसनऊ– सोनड़ी लिग्नाईट परियोजना बाड़मेर पर **एक (01) वर्ष** की अवधि हेतु निम्नलिखित कार्यों के लिए प्रतिष्ठित एवं अनुभवी ठेकेदारों से सम्बन्धित कार्यानुसार मोहरबन्द निविदाएँ आमन्त्रित की जाती हैं :–

| कार्य का विवरण | निविदा प्रपत्र विक्रय व प्रस्तुत करने की तिथि | बयाना राशि एवं निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य अवधि एवं अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| सोनड़ी लिग्नाईट परियोजना बाड़मेर पर अधिकारीयों एवं कर्मचारीयों के लिए चाय, नाश्ता एवं खाना बनाने एवं बर्तनों को साफ करनें हेतु । | दिनांक 09.07.2025 से 25.07.2025 को अपरान्ह 01.00 बजे तक विक्रय एवं दिनांक 25.07.2025 को अपरान्ह 3.00 बजे तक प्रस्तुत करना | रू. 4,360 ⁄ – **एवं** रू. 590 ⁄ – | **एक (01) वर्ष** रूपये 2.18 लाख |

निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय खनिज भवन, जयपुर में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निविदा में निर्देशित राशि नकद अथवा राजस्थान स्टेट माईन्स एण्ड मिनरल्स लिमिटेड, जयपुर के पक्ष में देय डिमाण्ड ड्राफ्ट देकर प्राप्त कर सकते हैं । निविदा सूचना तथा अन्य शर्तें हमारी website www.rsmm.com व sppp.raj.nic.in पर देखी जा सकती हैं ।

प्रबन्धक (यांत्रिकी–अनुबन्ध)

# राजस्थान स्टेट माईन्स एण्ड मिनरल्स लिमिटेड

(राजस्थान सरकार का उपक्रम)

एसबीयू एवं पीसी – लिग्नाईट

खनिज भवन, तिलक मार्ग, सी–स्कीम, जयपुर–302005

फोन नं. : 0141-2227938, 2227947 फैक्स नं. : 0141-2227360, 2227761

ई–मेल: rsmmljpr@bsnl.in, jaipur.rsmml@rajasthan.gov.in, Web: www.rsmm.com

रजिस्टर्ड ऑफिस : C-89-90, जनपथ, लाल कोठी स्कीम, जयपुर

CIN No. U14109RJ1949SGC000505, GSTIN: 08AAACR7857H1Z0


निविदा संख्या : RSMML/CEU-LIG/SLP/2025-26/11 दिनांकः 09.07.2025

## विस्तृत निविदा सूचना

| कार्य का विवरण | निविदा प्रपत्र विक्रय एवं प्रस्तुत करने की समयावधि | कार्य की मात्रा | कार्य अवधि एवं अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| सोनड़ी लिग्नाईट परियोजना बाड़मेर पर अधिकारीयों एवं कर्मचारीयों के लिए चाय, नाश्ता एवं खाना बनाने एवं बर्तनों को साफ करनें हेतु । | दिनांक 09.07.2025 से 25.07.2025 को अपरान्ह 01.00 बजे तक विक्रय एवं दिनांक 25.07.2025 को अपरान्ह 3.00 बजे तक प्रस्तुत करना | प्रतिदिन 15–20 व्यक्तियों का खाना/नाश्ता/चाय उपलब्ध कराना | एक (01) वर्ष<br>रूपये 2.18 लाख |
| निविदा खोलने की तिथि (प्रथम भाग) | **दिनांक– 25.07.2025 अपरान्ह 03.30 बजे** | | |
| सम्पर्क अधिकारी– प्रबन्धक (यांत्रिकी –अनुबन्ध), जयपुर | दूरभाष : 0141–2227938, 9358833574<br>E-Mail: skprajapati.rsmml@rajasthan.gov.in | | |
| **विस्तृत निविदा सूचना तथा अन्य शर्तें www.rsmm.com एवं sppp.raj.nic.in पर देखी जा सकती हैं ।** | | | |

निविदा प्रपत्र वेब–साइट से डाउनलोड किया जा सकता है । वेब–साइट से डाउन–लोड किये गये फार्म की स्थिति में प्रपत्र की फीस रूपये 590/– का ड्राफ्ट राजस्थान स्टेट माईन्स एण्ड मिनरल्स लिमिटेड, जयपुर अलग से निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करके भेजें । अहस्तान्तरणीय निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से अप्रतिदेय (नोन–रिफन्डेबल) मूल्य रूपये 590.00 (जी.एस.टी. सहित) का भुगतान नकद या डिमाण्ड ड्राफ्ट द्वारा कर समयावधि में किसी भी कार्य दिवस को प्राप्त किया जा सकता है ।

निविदाकर्ता अपनी निविदा दिनांक 00.00.0000 को अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय – खनिज भवन, तिलक मार्ग, सी–स्कीम, जयपुर में अपरान्ह 3.00 बजे तक प्रस्तुत करेगा तथा दिनांक 00.00.2025 को अपरान्ह 03.30 बजे उपस्थित निविदाकर्ताओं या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष निविदा का प्रथम भाग (तकनीकी एवं वाणिज्यिक) खोला जाएगा, तथा सफल निविदाकर्ताओं को सूचीबद्ध किया जाकर ऐसे सूचीबद्ध निविदाकर्ताओं का ही द्वितीय भाग (दर प्रस्ताव) खोला जाएगा ।

**बयाना राशिः रूपये 4,360/–(रूपये चार हजार तीन सों साठ मात्र)** का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ई–पेमेन्ट द्वारा बयाना राशि के रूप में, जो कि आर.एस.एम.एम. लिमिटेड, जयपुर के नाम से देय हो निविदा प्रस्ताव के साथ जमा करानी होगी।

**पात्रता–** निविदा प्रपत्र के बिन्दु संख्या 5 के अनुसार एवं निविदाकर्ता का विगत तीन वर्षों (2022–23, 2023–24 एवं 2024–25) में से किसी भी एक वर्ष में न्यूनतम टर्न–ओवर **रूपये 1.10 लाख** का होना आवश्यक है ।

नोट– 1. उपरोक्त टर्न–ओवर के बाबत चार्टेड अकाउन्टेन्ट द्वारा प्रमाणित वार्षिक लेखे एवं लाभ एवं हानि खाता अथवा टीडीएस प्रमाण पत्र अथवा आयकर रिटर्न (फार्म–16) संबंधित सत्यापित प्रमाण प्रस्तुत करना होगा ।

2. निविदा में संशोधन/शुद्धिपत्र केवल आर.एस.एम.एम.एल. की वेबसाईट एवं sppp.rajasthan.nic.in पर ही प्रकाशित किये जायेंगे; इस हेतु निविदाकर्ता उक्त वेबसाईट्स देखते रहें ।

प्रबन्धक (यांत्रिकी–अनुबन्ध)

# राजस्थान स्टेट माईन्स एण्ड मिनरल्स लिमिटेड

(राजस्थान सरकार का उपक्रम)

एसबीयू एवं पीसी – लिग्नाईट

खनिज भवन, तिलक मार्ग, सी–स्कीम, जयपुर–302005

फोन नं. : 0141-2227938, 2227947 फैक्स नं. : 0141-2227360, 2227761

ई–मेल: rsmmljpr@bsnl.in, jaipur.rsmml@rajasthan.gov.in, Web: www.rsmm.com

रजिस्टर्ड ऑफिस : C-89-90, जनपथ, लाल कोठी स्कीम, जयपुर

CIN No. U14109RJ1949SGC000505, GSTIN: 08AACR7857H1Z0

फोन नं.–0141–2227938, 2227947
फैक्स नं– 0141–2227761,2227060

रजिस्टर्ड कार्यालय –
सी–89–90,जनपथ, लालकोठी स्कीम,
जयपुर–302015.


निविदा संख्या : RSMML/CEU-LIG/SLP/2025-26/11 दिनांकः 09.07.2025

**निविदा प्रपत्र**

1.0 **सोनड़ी लिग्नाईट परियोजना बाड़मेर**

सोनड़ी लिग्नाईट परियोजना बाड़मेर, **बिशाला**– सोनड़ी मार्ग पर बाड़मेर से 43 कि.मी. की दूरी पर स्थित है ।

2.0 **कार्य एवं कार्य क्षेत्र**

**2.1** विभाग की ओर से केन्टीन के लिये निविदाकार को केन्टीन का परिसर, बिजली, बर्तन, गैस टंकी, पानी व फर्नीचर निःशुल्क उपलब्ध कराया जावेगा।

**2.2** सोनडी लिग्नाईट परियोजना पर करीब 15 अधिकारियों एवं कर्मचारीयों के लिए तीन बार सुबह दोपहर एवं शाम को चाय बनाना एक समय नाश्ता एवं दो टाईम खाना बनाना।

**2.3** निविदाकार के अधीन कार्यरत रसोईया, कारीगर अथवा कोई अन्य नौकर 18 वर्ष की उम्र से कम का नहीं होना आवश्यक है।

**2.4** निविदाकार को चाहिये कि उसके अधीन कार्य करने वाले व्यक्ति साफ–सुथरे व निरोगी हो। रोगी एवं संक्रमित व्यक्ति को केन्टीन में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

**2.5** खाना बनाने तथा खाना खाने में प्रयुक्त बर्तनों को अच्छी तरह से सफाई करनी होगी।

**2.6** चाय, नाश्ता एवं खाना समय पर तैयार कर देना होगा।

**2.7** खाना बनाने वाले स्थान के आस पास सफाई का पूरा ध्यान रखना होगा।

**2.8** खाना बनाने एवं बर्तन धोने के लिए जो कुशल कार्मिक उपलब्ध करवाये जायेगा।

**2.9** निविदाकार के अधीनस्थ कार्यरत नौकरों/कारीगरों का व्यवहार विभागीय कर्मचारियों के साथ सौहार्दपूर्ण होना आवश्यक हैं।

**2.10** निविदाकार के अधीन कार्यरत नौकरों / कारीगरों को वेतन, भत्ते अथवा अन्य भुगतान तथ किसी भी प्रकार की शिकायत के लिए यह विभाग जिम्मेदार नहीं हैं।

**2.11** निविदाकार के अधीन कार्यरत नौकरों/कारीगरों के बारे में पूरी जानकारी निविदाकार स्वयं रखेंगे एवं सुरक्षा कारणों से विभाग द्वारा मांगने पर उपलब्ध कराएंगे।

**2.12** खाना बनाने वाले कर्मचारी को स्वंय की सफाई का भी पूरा ध्यान रखना होगा।

**2.13** उपरोक्त कार्य का भुगतान मासिक आधार पर संबंधित अधिकारी के प्रमाणीकरण के बाद ही होगा।

**2.14** खाने बनाने में प्रयुक्त होने वाली सामग्री एवं बर्तन कम्पनी के द्वारा उपलब्ध करवाये जायेगे।

**2.15** उक्त कार्य संतुष्टिपूर्ण नहीं पाया जाने पर कम्पनी द्वारा प्रदान कार्यादेश को तुरन्त प्रभाव से निरस्त किया जा सकता हैं।

**2.16** निविदाकार के पास जी.एस.टी. नम्बर होना अनिवार्य हैं। जिसका प्रमाण भी निविदा के समय प्रस्तुत करना होगा।

**2.17** ठेकेदार को सुव्यवस्थित केन्टिन के लिए स्थान, किचन, फर्नीचर, पानी, रोशनी, हवा, आर. एस.एम.एम.एल. के द्वारा तथा खाना बनाने के लिए सामग्री आर.एस.एम.एम.एल. के अधिकारियों / कर्मचारियों के द्वारा उपलब्ध करवायी जायेगी।

**2.18** निविदाकार और विभाग में दोनों के बीच उठे किसी भी मदभेद की स्थिति में ईकाई प्रमुख, आर.एस.एम.एम.एल. बाड़मेर का निर्णय अंतिम व दोनो पक्षों के लिए बाध्य होगा।

**2.19** निविदाकार आवेदन तिथि में निविदा निर्णय की अवधि में अपनी निविदा वापस लेता है अथवा शर्ते तथा स्थिति में परिवर्तन करता है, विभाग को अधिकार होगा कि धरोहर राशि पूर्ण रूप से जब्त कर लें।

**2.20** आयकर अधिनियम के अंतर्गत स्त्रोत पर कटौती की जावेगी एवं निविदादाता को अपना पेन नंबर लेखा विभाग में देना होगा।

**2.21** केन्टीन नहीं खोलने के फलस्वरूप प्रतिदिन रूपये 500/— के हिसाब से पेनल्टी के रूप में कटौती मासिक बिल में से की जावेगी।

**2.22** निविदाकार के द्वारा प्रस्तुत मासिक भुगतान बिलों में जी.एस.टी. जोड कर प्रदान करना होगा तथा जी.एस.टी. के भुगतान का प्रतिमाह प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत करना होगा। जी.एस.टी. के भुगतान नहीं किये जाने कि स्थिति में भुगतान हेतु प्रस्तुत मासिक बिलों में से कटौती की जायेगी।

**2.23** असंतोषजनक कार्य व व्यवहार की शिकायत की जांच के बाद वे यदि सही पाई गई तो धरोहर राशि जब्त की जा सकती हैं अथवा आगामी निविदा में भाग लेने से वंचित किया जासकता हैं।

**2.24** किसी भी प्रकार के हानि / दावा / क्षतिपूर्ति जो ठेकेदार अथवा उसके किसी कर्मचारी द्वारा की गई लापरवाही बनती है, उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी।

3.0 <u>कार्य अवधि</u> — कार्य आदेश जारी करने की तिथि से **एक (01) वर्ष** तक । कार्य अवधि समाप्त होने के पश्चात ट्रान्सपरेन्सी एक्ट के तहत आपसी सहमति से कार्य को 50 प्रतिशत तक अनुबन्ध की अवधि को बढाया जा सकता है, जिसका अधिकार आरएसएमएम लिमिटेड के पास होगा।

4.0 <u>निविदा दरों की मान्यता</u> — निविदा की दरें निविदा खोलने की तिथि से 120 दिन तक मान्य होंगी ।

5.0 <u>पात्रता</u>

5.1 निविदाकर्ता का विगत तीन वर्ष (2022—23, 2023—24 एवं 2024—25) में से किसी भी एक वर्ष में **न्यूनतम टर्न ओवर रूपये 1.10 लाख** का होना आवश्यक है जिसके बाबत चार्टेड अकाउन्टेन्ट द्वारा प्रमाणित वार्षिक लेखे (बेलेन्स—शीट और प्रोफिट एण्ड लॉस अकाउन्ट), टीडीएस, आयकर रिटर्न अथवा फार्म—16 की सत्यापित प्रति को निविदा प्रपत्र के साथ प्रस्तुत करना आवश्यक है।

6.0 **बयाना राशि**

6.1 निविदा प्रपत्र के साथ निर्धारित बयाना राशि रूपये 4,360/– (रूपये **चार** हजार **तीन सौ साठ** मात्र) का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ई–पेमेन्ट द्वारा जो कि आर.एस.एम.एम.लिमिटेड, जयपुर के पक्ष में देय हो, संलग्न करना आवश्यक है।

6.2 उपरोक्त के अलावा निविदाकर्ता द्वारा ई–पेमेन्ट द्वारा बयाना राशि का भुगतान भी किया जा सकता है जिसके लिये आरएसएमएम लिमिटेड के बैंक खाते इत्यादि का विवरण निम्न प्रकार से हैः–

| | |
|---|---|
| Name of beneficiary | RSMM LTD., JAIPUR |
| Name of Bank | **ICICI Bank** |
| Bank Location | Khanij Bhawan, Tilak Marg,Jaipur |
| Type of Account | C.D. |
| C.D. Account No. | **678605000722** |
| IFSC Code | **ICIC 0006786** |

निविदाकर्ता को उपरोक्त बयाना राशि जमा अन्तिम तिथि से पूर्व करवाना होगा एवं इस हेतु बैंक के संबंधित रेफरेन्स आई.डी. नम्बर की प्रति निविदा प्रपत्र के साथ प्रस्तुत करना भी अनिवार्य होगा ।

6.3 बिना बयाना राशि के निविदा प्रपत्र स्वीकृत नहीं किये जाएंगे ।

6.4 बयाना राशि पर कोई ब्याज देय नहीं होगा ।

6.5 असफल निविदाकर्ता की बयाना राशि सफल निविदाकर्ता को कार्य का आदेश दिये जाने एवं उसके द्वारा कार्य प्रारम्भ करने के पश्चात लौटा दी जाएगी ।

6.6 सफल निविदाकर्ता की बयाना राशि को धरोहर राशि में समायोजित किया जा सकेगा

6.7 अगर सफल निविदाकर्ता कार्यादेश जारी करने के पश्चात् पन्द्रह दिनों में कार्यारम्भ नहीं करता है तो बयाना या अन्य जमा राशि जब्त कर ली जाएगी व कार्यादेश निरस्त किये जाने का अधिकार कम्पनी को होगा । ऐसे संविदाकार भविष्य में कम्पनी की किसी निविदा में भाग नहीं ले सकेंगे ।

6.8 निविदाकर्ता द्वारा जमा बयाना राशि निम्न परिस्थितियों में कम्पनी द्वारा जब्त की जा सकती हैः–

i) यदि निविदाकर्ता निविदा देने के पश्चात वैद्यता अवधि के दौरान अपनी निविदा व प्रस्ताव को परिवर्तित करता अथवा वापिस लेता है ।

ii) यदि निविदाकर्ता जारी कार्य आदेश को निर्धारित अवधि के अन्दर प्राप्त कर स्वीकृति प्रदान नहीं करता है ।

iii) यदि निविदाकर्ता निविदा प्रपत्र में उल्लेखित निर्धारित अवधि के अन्दर वाँछित धरोहर राशि जमा नहीं करवाता है ।

iv) यदि निविदाकर्ता प्रपत्र में उल्लेखित निर्धारित अवधि के अन्दर अनुबन्ध सम्पादित नहीं करता है ।

v) यदि यह कम्पनी द्वारा सुनिश्चित हो जाता है कि निविदा प्रपत्र प्रस्तुत करने के समय अथवा बाद में निविदाकर्ता ने गलत सूचना व जाली दस्तावेज निविदा प्रपत्र में संलग्न किये हैं ।

vi) यदि कार्य आदेश जारी होने के पश्चात निर्धारित अवधि में कार्य आरम्भ नहीं किया जाता है।

7.0 **धरोहर राशि**

7.1 धरोहर राशि कुल संविदा राशि (contract amount) की दस (10%) प्रतिशत होगी ।

7.2 बयाना राशि का समायोजन करने के पश्चात निविदाकर्ता को बकाया धरोहर राशि डी.डी. /ई–पेमेन्ट/बैंक गारण्टी (जिसका प्रारूप 'परिशिष्ठ–श' पर संलग्न है, बैंक गारण्टी आई. सी.आई.सी.आई./एच.डी.एफ.सी./एक्सिस बैंक जिनकी शाखा जयपुर में स्थित होनी चाहिये) के द्वारा कार्य आदेश/सहमति पत्र देने के तीस (30) दिन के अन्दर जमा करानी

होगी। बैंक गारण्टी अनुबन्ध के समापन तक प्रभावी होनी चाहिये ।

7.3 अनुबंध समझौते पर हस्ताक्षर करने के समय सफल निविदाकर्ता, प्रत्येक बिल की राशि से 10 प्रतिशत धरोहर राशि के कटौती का विकल्प प्रस्तुत कर सकता है। ऐसे मामले में, सफल बोलीदाता की धरोहर राशि की राशि को कुल धरोहर राशि तक पहुंचने में समायोजित किया जा सकता है, या यदि सफल बोलीदाता धरोहर राशि की पूरी राशि जमा करता है, तो उसे वापस कर दिया जाएगा।

7.4 अगर निविदाकर्ता कार्य करने में विफल रहता है तो कम्पनी अपने विवेक से धरोहर राशि को आंशिक या पूर्ण रूप से जब्त कर सकेगी ।

7.5 कम्पनी को पूर्ण अधिकार होगा कि संविदाकर्ता का कार्य संतोषजनक नहीं पाये जाने पर अथवा उसके कारण कम्पनी को किसी प्रकार की हानि होने पर धरोहर राशि में से हानि की निर्धारित रकम काट कर भरपायी कर ली जायेगी । ऐसी कटौती के परिणाम स्वरूप धरोहर राशि में कोई कमी रहती है तो उसकी पूर्ति संविदाकर्ता के मासिक बिलों में से की जा सकेगी ।

7.6 धरोहर राशि संविदा के समाप्त होने के सामान्यतः छह (6) माह के पश्चात लौटा दी जाएगी, बशर्ते कि संविदाकार ने सभी प्रकार की कटौतियाँ, श्रमिकों का वेतन इत्यादि का भुगतान कर दिया हो एवं इस आशय का प्रमाण–पत्र प्रस्तुत कर दिया हो ।

7.7 धरोहर राशि पर किसी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा ।

7.8 धरोहर राशि का पुर्नभुगतान अनुबन्ध (मय बढाई गई अवधि यदि हो तो) की समाप्ति के सामान्यतः 06 (छः) माह पश्चात कर दिया जायेगा, बशर्ते कि (i) केन्टीन संचालक द्वारा कर्मचारियों/श्रमिकों का वेतन, पी.एफ. इत्यादि का भुगतान किया जा चुका हो, (ii) केन्टीन संचालक को कम्पनी द्वारा दिये गये सभी बर्तन गैस कनेक्शन, फर्नीचर इत्यादि अधिकृत अधिकारी को सौंप दिये गये हो, (iii) केन्टीन संचालक ने अनुबन्ध समाप्ति पर कोई बकाया नहीं, कोई दावा नहीं का प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर दिया हो, एवं (iv) केन्टीन संचालक ने इनडिमनिटी बोण्ड (indeminity bond) नियमानुसार प्रस्तुत कर दिया हो ।

8.0 <u>निविदा दो भागों में भरनी होगी, जो निम्न प्रकार से है</u> :–

i) प्रथम भाग–तकनीकी एवं वाणिज्यिक

ii) द्वितीय भाग – दर प्रस्ताव

8.1 निविदाकर्ता को स्थान, मार्ग के कच्चे/पक्के, दूरी आदि के बारे में संविदा प्रपत्र भरने से पूर्व स्वंय को पूर्ण रूप से आश्वस्त कर लेना होगा ताकि कार्य के दौरान कोई कठिनाई उत्पन्न नहीं हो । निविदा प्रपत्र खोलने के बाद किसी भी प्रकार की आपत्तियाँ/संशोधन स्वीकार नहीं किये जायेंगे । निविदा में निविदाकर्ता द्वारा लिखी गई किसी भी प्रकार की शर्त स्वीकार नहीं होगी एवं ऐसी परिस्थिति में टेण्डर निरस्त भी किया जा सकता है ।

8.2 प्रबन्धन के पास बिना कोई कारण बताए किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा ।

8.3 निविदाकर्ता को निविदा प्रपत्र की शर्तों की स्वीकृति हेतु प्रत्येक पृष्ठ पर अपने नाम व पद मय सील के साथ दिनांक लगाकर हस्ताक्षर करना आवश्यक है।

8.4 निविदाकर्ता अपनी निविदा दोनों भागों के लिए अलग अलग लिफाफे में सील बंद करके प्रस्तुत करेगा तथा दोनों लिफाफों पर स्पष्ट रूप से भाग का नाम, निविदा संख्या, निविदा खोलने की तारीख, निविदाकर्ता का नाम व पता लिख कर दोनों को एक अन्य तीसरे लिफाफे में सील कर निर्धारित तिथि को अपरान्ह **3.00** बजे तक कंपनी के खनिज भवन, तिलक मार्ग, सी–स्कीम, जयपुर कार्यालय में प्रस्तुत करेगा । निर्धारित तिथि को **3.30** बजे अपरान्ह उपस्थित निविदाकर्ताओं या उनके प्रतिनिधियों (स्वयं के उपस्थित न होने पर प्रतिनिधित्व का प्रमाण पत्र वांछित है) के समक्ष खनिज भवन, तिलक मार्ग, सी–स्कीम, जयपुर स्थित कार्यालय में निविदा का प्रथम तकनीकी–वाणिज्यिक भाग खोला जाएगा । इसके पश्चात कम्पनी द्वारा प्राप्त निविदाओं के तकनीकी वाणिज्यिक भाग का

परीक्षण किया जाकर तथा इसमें सफल निविदाकर्ताओं को सूचीबद्ध किया जाएगा । ऐसी सूचीबद्ध निविदाकर्ताओं का ही द्वितीय भाग (कार्य की दरों से संबंधित) खोला जाएगा । सफल निविदाकर्ताओं को द्वितीय भाग खोलने की तिथि के बारे में अलग से पत्राचार या अन्य माध्यम से अवगत करा दिया जाएगा ।

(क) प्रथम तकनीकी–वाणिज्यिक भाग (मय परिशिष्ठ–अ एवं ब ):–

इसमें निविदाकर्ताओं को निम्न दस्तावेज प्रस्तुत करने आवश्यक है :–

i) निविदाकर्ता का नाम, पता, टेलिफोन नं0, मोबाइल नं., फैक्स नं0 इत्यादि की जानकारी।
ii) फर्म की स्थिति में फर्म के रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट (प्रमाणपत्र) की सत्यापित फोटो प्रति एवं साझेदारी डीड की सत्यापित फोटो प्रति।
iii) पात्रता के संबंध में क्लाज संख्या–5.0 के अनुसार सत्यापित दस्तावेज संलग्न करना आवश्यक है ।
iv) पी.एफ. खाता नम्बर की फोटो प्रति या शपथ पत्र परिशिष्ट–द प्रस्तुत करना होगा।
v) परिशिष्ट–ब के अनुसार निविदा प्रपत्र में अतिरिक्त शर्तें नहीं होने, निविदाकर्ता को पूर्व में कम्पनी द्वारा निलम्बित न किये जाने व कम्पनी के साथ कोई भी लम्बित विवाद न होने हेतु अण्डरटेकिंग देनी होगी।
vi) निविदाकर्ता को एमएसएमईडी रजिस्ट्रेशन (MSMED Act 2006) की सत्यापित प्रति अथवा संलग्न परिशिष्ट–स के अनुसार घोषणा करनी होगी ।
vii) राजस्थान लोक उपानन पारदर्शिता अधिनियम, 2012 एवं राजस्थान लोक उपानन नियम, 2013 की अनुपालना में निविदा प्रपत्र में निम्न एनेक्सर्स संलग्न किये हैं :–
    Annexure-A :Compliance with the code of Integrity and No Conflict of Interest
    Annexure-B : Declaration by the Bidder regarding Qualifications
    Annexure-C : Grievance Redressal during Procurement Process and Form No.1
    Annexure-D : Additional Conditions of Contract

    नोट– **Annexure-B में निविदाकर्ता द्वारा घोषणा किया जाना आवश्यक है।**
viii) आर.टी.पी.पी. एक्ट, 2012 एवं आर.टी.पी.पी. रूल्स, 2013 में राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जारी संशोधन/स्पष्टिकरण इत्यादि भी लागू होंगे।

(ख) द्वितीय भाग – कार्य की दरें **(Rate Part)**

i) कार्य की दरें परिशिष्ठ – 'य' में भरनी है जो कि अलग लिफाफे पर **कार्य की दरे प्रस्ताव,** निविदा संख्या, निविदा खोलने की तारीख व निविदाकर्ता का नाम और पता लिखकर दूसरे लिफाफे में बंद कर प्रस्तुत करनी होगी, जोकि तकनीकी–वाणिज्यिक भाग के लिफाफे के साथ मिलकर तीसरे लिफाफे पर निविदा संख्या, निविदा खोलने की तारीख, निविदाकर्ता का नाम व पता लिखकर लिफाफे को सीलबन्द किए जाकर प्रस्तुत किये जाऐंगे ।
ii) निविदाकार अपनी निविदा को अंतिम तिथि के निर्धारित समय तक कंपनी के खनिज भवन, तिलक मार्ग, सी–स्कीम, जयपुर कार्यालय में प्रस्तुत करेगा तथा उसी दिन 3.30 बजे अपरान्ह को उपस्थित निविदाकारों या उनकें प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खनिज भवन, तिलक मार्ग, सी–स्कीम, जयपुर स्थित कार्यालय में निविदा का प्रथम तकनीकी–वाणिज्यिक भाग खोला जाएगा तथा इसमें सफल निविदाकारों को सूचीबद्ध किया जाएगा एवं ऐसी सूचीबद्ध निविदाओं का ही द्वितीय भाग (कार्य की दरों से संबंधित) खोला जाएगा। सफल निविदाकारों को द्वितीय भाग खोलने की तिथि के बारे में अलग से अवगत करा दिया जाएगा।

उपरोक्त 'क' एवं 'ख' भाग मिलाकर पूरा तकनीकी एवं वाणिज्यिक भाग होगा व इन्हें लिफाफे में बंद कर, लिफाफे पर तकनीकी एवं वाणिज्यिक प्रस्ताव तथा निविदा की संख्या, निविदा खोलने की तारीख और निविदाकर्ता का नाम व पता लिखकर कर प्रस्तुत करने होंगे । निविदाकार को निविदा प्रपत्र की शर्तों की स्वीकृति हेतु प्रत्येक पृष्ठ पर अपने नाम व पद के साथ दिनांक लगाकर हस्ताक्षर करना आवश्यक है ।

## 9.0 निविदाओं का मूल्यांकन एवं कार्य आदेश

9.1 सफल निविदाकारों के दर प्रस्ताव का कम्पनी द्वारा मूल्यांकन किया जावेगा । उचित दर पाये जाने पर न्यूनतम प्रस्ताव को कम्पनी द्वारा स्वीकार किया जायेगा। यदि न्यूनतम दर प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं हो तो कम्पनी द्वारा इस निविदा प्रपत्र के क्लॉज 10.0 के तहत कार्यवाही भी की जा सकती है ।

9.2 ऐसे निविदाकार को कम्पनी द्वारा जारी कार्य आदेश को अपनी स्वीकृति लिखित में देनी होगी ।

9.3 कार्य आदेश के पन्द्रह दिनों में कार्यारम्भ करना होगा । बयाना राशि का समायोजन करने के पश्चात निविदाकर्ता को बकाया धरोहर राशि डी.डी. के रूप में कार्य आदेश की तिथि से पन्द्रह (15) दिन के अन्दर जमा करानी होगी ।

9.4 सफल निविदाकर्ता को जारी कार्यादेश की स्वीकृति के पश्चात तीस (30) दिन में कम्पनी के साथ अनुबन्ध पर हस्ताक्षर करने होंगे जोकि इस निविदा की शर्तों, स्वीकृत दरों आदि पर आधारित होगा ।

9.5 सफल निविदाकर्ता कार्यादेश जारी होने के पश्चात संविदाकार/संविदाकर्ता माना जावेगा।

9.6 संविदाकार द्वारा अनुबन्ध पर हस्ताक्षर करने के पश्चात ही कम्पनी द्वारा संविदाकर्ता के बिलों का भुगतान किया जायेगा । संविदाकर्ता द्वारा अनुबन्ध हेतु अपेक्षित मूल्य का नॉन–ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर प्रस्तुत करना होगा तथा कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी के समक्ष अनुबन्ध हस्ताक्षरित करने होंगे ।

## 10.0 नेगोशियेशनः

10.1 कम्पनी द्वारा केवल न्यूनतम दर प्रस्ताव ($L_1$) देने वाले निविदाकर्ता से नेगोशियेशन किया जा सकता है । न्यूनतम दर प्रस्ताव देने वाले निविदाकर्ता के दर प्रस्ताव को उपयुक्त न पाने की अवस्था में कम्पनी प्रबन्धन लिखित काउन्टर ऑफर द्वारा न्यूनतम निविदाकर्ता को अपना प्रस्ताव देने पर विचार कर सकती है और यदि यह प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाता है तो कम्पनी या तो निविदा प्रक्रिया को निरस्त कर पुनः निविदा आमन्त्रित करेगी अथवा उसी काउन्टर आफर को द्वितीय न्यूनतम दर प्रस्ताव देने वाले निविदाकर्ता ($L_2$) को तत्पश्चात् तृतीय न्यूनतम दर प्रस्ताव देने वाले निविदाकर्ता ($L_3$) को एवं दर प्रस्ताव प्रक्रिया के उपरोक्त क्रमानुसार दिया जावेगा । जो भी निविदाकर्ता इस प्रक्रिया के अनुसार काउन्टर आफर स्वीकार करेगा उसे कार्य आदेश कम्पनी द्वारा जारी किया जा सकता है ।

10.2 अगर निविदाकर्ता द्वारा नेगोशियेशन के दौरान दिया हुआ प्रस्ताव उसके प्रारम्भिक दर प्रस्ताव से अधिक है तब भी निविदाकर्ता पूर्व में भरी हुई कम दर प्रस्ताव पर कार्य करने हेतु बाध्य होगा ।

10.3 नेगोशियेशन के दौरान निविदाकर्ता के प्रतिनिधि को निविदाकर्ता द्वारा लिखित सहमति/अधिकार पत्र (written authority) प्रस्तुत करना होगा जिसमे की यह स्पष्ट वर्णित होगा कि उसका प्रतिनिधि निविदा प्रपत्र में भरी हुई दर प्रस्ताव को संशोधित/बदलने के लिए प्राधिकृत है ।

11.0 **TAXES/GST**

i) निविदाकर्ता को प्रस्तुत दरों में वस्तु एवं सेवा का (Goods and Service Tax) सम्मिलित नहीं करना होगा, अन्य सभी प्रकार की ड्यूटी शामिल करनी होगी जो की निविदा की अंतिम तिथि तक लागू हो । प्रस्तुत दरें कार्य अवधि के दौरान स्थिर रहेंगी एवं निविदा में वर्णित शर्तों के अतिरिक्त अन्य किसी प्रकार की वृद्धि देय नहीं होगी ।

ii) वस्तु एवं सेवा कर का समय से भुगतान करना एवं टैक्स रिटर्न समय से जमा करवाने की सम्पूर्ण जिम्मेदारी कांट्रेक्टर की रहेगी । इसके तहत प्राप्त निर्धारित क्रेडिट RSMML को मिले यह सुनिश्चित करना भी कांट्रेक्टर का कार्य होगा ।

iii) यदि किसी कारणवश RSMML को क्रेडिट नहीं मिलता है तो कम्पनी कांट्रेक्टर को देय बिल/सिक्योरिटी डिपाजिट में से यह क्रेडिट राशि कटौती करने के लिए स्वतंत्र रहेगी।

iv) कार्य के लिए देय भुगतान के GST return भरने में हुई गलती या देरी एवं Reversal of input tax credit (ITC) के कारण पेनेल्टी लगने की परिस्थिती में देय राशि का भुगतान कांट्रेक्टर द्वारा किया जायेगा, यदि ऐसा नहीं होता है तो कम्पनी यह राशि कांट्रेक्टर को देय राशि में से कटौती/समायोजित कर सकती है ।

v) निविदादाता को निविदा दर भरते समय सभी प्रकार के डयूटी एवं लेवीज, जो इस कार्य से संबंधित हो जोडकर भरनी होगी । इस विषय में अनभिज्ञता अगर निविदादाता द्वारा दर्शायी गयी, तो वह अतिरिक्त पेमेन्ट इस एवज में प्राप्त करने का अधिकार नहीं रखता है।

vi) अगर निविदा भरने के बाद कर एवं डयूटी बढती है या घटती है या निरस्त हो जाती है या नयी इम्पोज की जाती है और जो अनुबंधित कार्य से संबंधित है तो आरएसएमएमएल अनुबंधकर्ता से कर एवं डयूटी की वसूली करेगा या अनुबंधकर्ता को इन करों एवं डयूटी की क्षतिपूर्ति करेगा लेकिन इसके लिए अनुबन्धकर्ता को कंपनी को इससे संबंधित दस्तावेज देने होंगे । कंपनी को आयकर या अन्य कर जो इस कार्य से संबंधित हो की कटौती करने का पूर्ण अधिकार है ।

12.0 <u>बिलों का भुगतान</u>

12.1 सफल निविदाकर्ता को जारी आशय–पत्र (letter of acceptance)/ कार्यादेश की स्वीकृति के एक माह की अवधि में कम्पनी के साथ अनुबन्ध पर हस्ताक्षर करने होंगे जोकि इस निविदा की शर्तों, स्वीकृत दरों आदि पर आधारित होगाः–

(अ) प्रथम बिल का भुगतान कम्पनी के साथ अनुबन्ध करने के पश्चात ही किया जावेगा ।

(ब) अनुबन्ध हेतु उचित मूल्य का नॉन–ज्यूडिशियल स्टाम्प सफल निविदाकर्ता द्वारा प्रदत्त किया जावेगा ।

12.2 केन्टीन संचालक द्वारा प्राप्त मासिक बिलों का भुगतान सामान्यतः बिल प्राप्ति की दिनांक से 10 (दस) दिन की अवधि के भीतर वैधानिक अथवा अन्य कटौतियाँ (यदि कोई हो) करने के बाद रेंखाकित चैक के द्वारा कम्पनी द्वारा कर दिया जायेगा ।

12.3 जी.एस.टी. का रजिस्ट्रेशन नम्बर केन्टीन संचालक द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा, यदि लागू हो और नियमानुसार भुगतान भी संबंधित विभाग को केन्टीन संचालक द्वारा समयान्तर्गत किया जावेगा । यदि कार्य से सम्बन्धित केन्टीन संचालक द्वारा सर्विस टेक्स देय होता है तो केन्टीन संचालक द्वारा सर्विस टैक्स जमा कराने की रसीद प्रस्तुत करने पर सर्विस टेक्स की राशि का भुगतान कम्पनी द्वारा किया जावेगा । **जी.एस.टी. जमा कराने की जिम्मेदारी संविदाकार की होगी एवं इसे कार्य की दरों में शामिल नहीं माना जाएगा** । अनुबन्ध की अवधि में सर्विस टैक्स में बढ़ोतरी/कमी का भुगतान/वसूली कम्पनी द्वारा की जायेगी ।

## 13.0 दरें

13.1 दरों में सभी प्रकार के खर्चे जैसे कि कर्मचारियों का वेतन, भत्ता एवं अन्य खर्चे इत्यादि सम्मिलित होंगे ।

13.2 केन्टीन से संबंधित सभी वैधानिक खर्चे, सर्विस टैक्स के अलावा, केन्टीन संचालक को वहन करने होंगे । आर.एस.एम.एम. लिमिटेड का इस प्रकार के खर्चों का कोई दायित्व नहीं होगा ।

## 14.0 केन्टीन में नियोजित कर्मचारी

14.1 केन्टीन संचालक द्वारा केन्टीन संचालन हेतु नियोजित कर्मचारियों की सूचना संलग्न परिशिष्ट संख्या 'अ' में कार्य आरम्भ करने से पूर्व कम्पनी द्वारा अधिकृत अधिकारी को लिखित रूप मे देनी होगी ।

14.2 केन्टीन संचालक द्वारा नियोजित कर्मचारी वयस्क, स्वस्थ विशेषतः चर्म रोग या ऐसी कोई स्पर्श संक्रमण वाली बीमारी से ग्रसित नहीं होने चाहिए । इस आशय का प्रमाण पत्र स्वास्थ्य अधिकारी बाड़मेर द्वारा जारी केन्टीन आरम्भ करने से पूर्व देना होगा ।

14.3 सभी नियुक्त कर्मचारी तंदुरूस्त, मृदुभाषी, कुशल, व्यवहारिक एवं अनुशासित व साफ सुथरी वर्दी में होना आवश्यक है ।

14.4 सामान्यतः कर्मचारियों में कोई परिवर्तन नहीं किया जाना चाहिए परन्तु परिवर्तन करने पर उसकी सूचना परिशिष्ट 'अ' में देनी अनिवार्य होगी ।

14.5 यदि कोई भी कर्मचारी अनुशासनहीनता या कम्पनी कार्य में दखलंदाजी या किसी प्रकार की हानि करते पाया गया तो केन्टीन संचालक को ऐसे कर्मचारी का तुरन्त हटाना होगा ।

14.6 केन्टीन में नियुक्त कोई भी कर्मचारी बीड़ी, सिगरेट, तम्बाकू, गुटका, शराब अथवा किसी भी नशीले पदार्थ का सेवन नहीं करेगा । ऐसे पदार्थ का सेवन किये हुए/करते हुए पाये जाने पर ऐसे कर्मचारी को तुरन्त हटाना होगा। इससे होने वाले समस्त नुकसान की भरपाई केन्टीन संचालक के मासिक बिलों मे से की जाएगी ।

14.7 कर्मचारियों को वेतन, भत्ता इत्यादि का भुगतान केन्टीन संचालक द्वारा देय होगा। वेतन भुगतान आदि से संबंधित समस्त रिकार्ड प्रतिमाह कम्पनी द्वारा अधिकृत अधिकारी से सत्यापित कराने की जिम्मेदारी केन्टीन संचालक की होगी । अगर केन्टीन संचालक अपने कर्मचारियों का भुगतान नहीं करता है तो कम्पनी को यह अधिकार होगा कि वह केन्टीन संचालक के मासिक बिलों अथवा अमानत राशि में से कटौती करके ऐसे कर्मचारियों को देय मासिक वेतन का भुगतान अपने स्तर पर करें ।

14.8 केन्टीन के व्यवस्थित संचालन हेतु सुपरवाईजर होना आवश्यक है । जिसे हिन्दी पढने लिखने का ज्ञान होना चाहिए । सुपरवाईजर निर्णय लेने में स्वतंत्र होना चाहिये जिससे कि केन्टीन में किसी खाद्य सामग्री, गैस आदि न होने पर वह तुरन्त व्यवस्था कर सकें ।

14.9 केन्टीन में प्रतिदिन पौंछा, फिनाईल इत्यादि लगाकर पूर्ण सफाई रखनी होगी । साथ ही जो कमरा उनको रहने के लिए दिया जायेगा उसको भी पूर्णरूप से साफ रखना होगा ।

14.10 केन्टीन संचालक अपने कर्मचारियों को साबुन इत्यादि व दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति स्वयं अपने खर्चे पर करेगा ।

14.11 केन्टीन संचालक पुलिस /सरपंच द्वारा चारित्रिक प्रमाण–पत्र अथवा आवश्यक प्रमाणन उपरान्त ही व्यक्तियों को कार्यरत करेगा ।

14.12 केन्टीन संचालक कार्य से संबंधित समस्त प्रभावी विधियों के क्रियान्वयन को सुनिश्चित करेगा ।

## 15.0 कम्पनी द्वारा प्रदत्त सुविधाएं

15.1 केन्टीन के संचालन हेतु बर्तन, कुर्सियां, मेज इत्यादि ।

15.2 केन्टीन संचालक को अपने खर्चे पर व्यवसायिक गैस सिलेण्डर की व्यवस्था करनी होगी ।

15.3 चपाती गैस भट्टी एवं अन्य गैस भट्टी इत्यादि कम्पनी देगी व इनको दुरस्त रखने की जिम्मेदारी केन्टीन संचालक की होगी । तथा इस हेतु प्रबन्धन द्वारा किसी भी तरह का भुगतान नहीं किया जाएगा ।

15.4 गैस की अनुपलब्धता होने पर केन्टीन संचालक अन्य वैकल्पिक व्यवस्था अपने खर्चे से ही करेगा व इसके लिए कम्पनी द्वारा कोई अतिरिक्त भुगतान नहीं किया जाएगा।

15.5 कर्मचारियों को चाय पिलाने हेतु केन्टीन संचालक को एक बार 50 कप उपलब्ध करवा दिये जायेगें । यदि इस समयावधि के दौरान कप टूट जाते है/खराब हो जाते है तो केन्टीन संचालक को कम्पनी द्वारा दिए गए कप जेसे ही अन्य कपों की व्यवस्था अपने खर्चे से करनी होगी इसके लिए कम्पनी द्वारा कोई भुगतान नहीं किया जाएगा । यदि केन्टीन संचालक द्वारा इस हेतु कपों की व्यवस्था निश्चित समयानुसार नहीं की जाती है तो प्रबन्धन द्वारा कपों की व्यवस्था केन्टीन संचालक की लागत पर की जाएगी ।

15.6 अनुबन्ध की अवधि के दौरान बर्तन, मेज, कुर्सियां, पंखे, ट्यूबलाईट, इत्यादि की सुरक्षा की जिम्मेदारी केन्टीन संचालक की होगी व इसमे किसी प्रकार की टूट–फूट/खराबी होने पर केन्टीन संचालक के बिल में से उक्त सामान की प्रचलित दर के अनुसार उतनी राशि की कटौती कर ली जायेगी ।

15.7 बिजली, पानी इत्यादि की पूर्ति कम्पनी द्वारा स्वयं के खर्चे पर की जाएगी ।

15.8 अनुबन्ध की समाप्ति पर केन्टीन संचालक को कम्पनी की ओर से प्रदत्त सभी बर्तन, मेज, कुर्सियां, पंखे, गैस सिलेण्डर, गैस भट्टी इत्यादि कम्पनी द्वारा अधिकृत अधिकारी के पास जमा करवाने होगे । उपरोक्त सामान यदि गुम हो जाता है, टूट जाता है, या क्षतिग्रस्त हो जाता है तो उससे हुई हानि की पूर्ति प्रचलित बाजार दरों पर केन्टीन संचालक के बिल/अमानत राशि में से कटौती/समायाजित करके की जायेगी ।

15.9 कम्पनी द्वारा प्रदत्त बर्तन केन्टीन संचालक को साफ सुथरे रखने होंगे ।

15.10 कम्पनी द्वारा प्रदत्त समस्त चल व अचल सम्पतियों का अलग–अलग रजिस्टर केन्टीन संचालक द्वारा रखा जावेगा जिससे कि आडीटर भौतिक सत्यापन कर सकें।

## 16.0 संविदाकर्ता द्वारा अपील करना

यदि सविदाकर्ता, स्थानीय प्रबन्धन द्वारा दिये गये निर्णय या कार्य प्रणाली से संतुष्ट नहीं होता है तो Annexure-C के अनुसार वह प्रथम अपील अधिकारी प्रबन्ध निदेशक, आरएसएमएम लिमिटेड, मीरा मार्ग, उदयपुर है व द्वितीय अपील अधिकारी खान विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर के समक्ष अपना उपरोक्त प्रतिवेदन सलंग्न Form No.1 (see rule 83) - Memorandum of Appeal under the Rajasthan Transparency in Public Procurement Act, 2012 में भरकर निर्धारित शुल्क देकर प्रस्तुत कर सकता है।

17.0 <u>केन्टीन संचालक के सामान्य दायित्व</u>

17.1 खदान पर खाद्य सामग्री, गैस की टंकी, दूध, सब्जी इत्यादि लाने/ले जाने हेतु केन्टीन संचालक स्वयं अपनी व्यवस्था करेगा व कम्पनी द्वारा इस हेतु किसी भी प्रकार का भुगतान नहीं किया जाएगा ।

17.2 प्रथम पारी एव जनरल (shift) में लगभग 14 एवं द्वितीय एवं तृतीय पारी में 8 कर्मचारी एक साथ भोजन, नाश्ता इत्यादि करते हैं तथा हमारे कर्मचारियों को उनके कार्यस्थल जो कि लगभग 1–2 किमी. की दूरी पर होगे वहाँ जाकर चाय/नाश्ता इत्यादि देना होता है । अतः इस हेतु केन्टीन संचालक को स्वयं वाहन एवं पर्याप्त स्टाफ की व्यवस्था अपने खर्चे पर करनी होगी ।

17.3 केन्टीन संचालक को एक अधिकृत सुपरवाईजर 24 घंटे खदान पर रखना होगा । जो स्वयं निर्णय ले सके । यदि कोई पत्र/निर्देश कम्पनी के अधिकृत अधिकारी द्वारा दिया जाता है तो उसकी पालना कर सके ।

17.4 केन्टीन संचालक पर नियोजित कर्मचारियों का वेतन–भुगतान, सुरक्षा, अनुशासन इत्यादि की पूर्ण जिम्मेदारी होगी ।

17.5 बर्तनों, फर्नीचर केन्टीन की सफाई व सुरक्षा इत्यादि रखने हेतु समुचित प्रबन्ध केन्टीन संचालक को करना होगा ।

